nwda.gov.in

मोदी बोले- पानी होगा, तभी आने वाला कल होगा

■ विस, नई दिल्ली : पीएम मोदी ने जल प्रदूषण की वजह बनने वाली हर विकृति दूर करने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करना होगा। पानी होगा, तभी हमारा आने वाला कल होगा। हमारी सरकार में जल संरक्षण को

लेकर लोगों की मानसिकता बदली है। 'नमामि गंगे' अभियान मॉडल बनकर उभर रहा है। पीएम ब्रह्मकुमारीज के 'जल जन अभियान' के कार्यक्रम में बोल रहे थे। उधर पीएम ने दिल्ली में 16 से 27 फरवरी तक आयोजित आदि महोत्सव की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देश गर्व के साथ आदिवासी आबादी के लिए काम कर रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। ▶▶ पेज 14